मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



वर्ष : ०९ | अंक : २० | मुंबई, शुक्रवार, २२ फरवरी से २८ फरवरी २०१९ | पृष्ठ : ४ | कीमत : दो रुपये

# कांग्रेसी नेताओं की घर वापसी के लिए कोशिश जारी



## पूर्व विधायक रमेश सिंह के घर वापसी पर होगा फायदा!

## भाजपा में गए कांग्रेसी पर लगा ग्रहण!



**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई :** लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव २०१९ मे शिवसेना-भाजपा के मिलकर लड़ने का साइड इफेक्ट देखने को मिल सकता है. पिछले चुनाव के बाद कांग्रेस की खस्ताहालत की वजह से शिवसेना एवं भाजपा का दामन-थामने वाले कांग्रेसी नेताओं की घर वापसी की कोशिश जारी है. इसको लेकर नेता एक दूसरे से चर्चा में जुट गए हैं.

सूत्रों मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के कई दिग्गज नेता कांग्रेस से भाजपा में गए नेताओं से मिलकर मंथन कर रहे हैं और उन्हें लाने की कोशिश की जा रही है. शिवसेना-भाजपा युती के बाद कई नेताओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है. मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम, आमदार असलम शेख के अलावा कई कांग्रेसी दिग्गज नेताओं ने मिलकर घर वापसी कराना चाहते हैं. जब पत्रकार ने आमदार असलम शेख से इसके बारे में पूछताछ किया तो उन्होंने कहा कि अगर सुबह का भूला व्यक्ति शाम को घर आता है, उसे भूला नहीं जा सकता है और उसका अनादर नहीं होना चाहिए और न करना चाहिए. हम उनका स्वागत करना चाहते हैं और पुनः विधानसभा में भाजपा-शिवसेना युती सरकार को टक्कर देकर उनके विधायकों को घर बैठाना चाहते हैं.




पिछले विधानसभा चुनाव में शिवसेना-भाजपा का गठबंधन टूट गया था. दोनों मित्र दलों की सीधी लड़ाई में कांग्रेस के कई विधायक धराशाई हो गए थे. चुनाव में मिली भारी हार एवं मुंबई कांग्रेस में वर्चस्व की लड़ाई के कारण कई नेताओं ने भाजपा एवं शिवसेना का दामन थाम लिया था. इसमें मनपा में विरोधी पक्ष के नेता रहे पूर्व विधायक राजहंस सिंह, पूर्व विधायक रमेश सिंह ठाकुर, मनपा में विपक्ष के नेता रहे देवेंद्रबाला अंबेरकर, गुरुदास कामत के भांजे समीर देसाई, वीरेंद्र बक्शी के अलावा कई नेता और भी शामिल है.

गौरतलब है कि शिवसेना-भाजपा में युति से कई नेताओं के चुनाव लड़ने की संभावना अब खत्म हो गई है. उनके भविष्य पर ग्रहण लग गया है. दिंडोशी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक चुनकर आए राजहंस सिंह ने कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में प्रवेश किया था. मगर भाजपा और शिवसेना की युति की वजह से उनके सीट पर भी ग्रहण लगता नजर आ रहा है. ठीक उसी प्रकार से रमेश सिंह ठाकुर के मागाठाणे से चुनाव लड़ने की संभावना थी. उस सीट पर शिवसेना के प्रकाश सुर्वे विधायक हैं. कृष्णा हेगड़े की सीट पर भाजपा का ही विधायक है. कालीना से लड़ने की तैयारी की थी पर शिवसेना का विधायक है. देवेंद्र अंबेरकर को शिवसेना की तरफ से अंधेरी पश्चिम या वर्सोवा से टिकट देने का आश्वासन दिया गया था.

गौरतलब है कि भाजपा-शिवसेना सरकार में आना चाहती है, इसलिए हर हथकंडे के माध्यम से सरकार बनाना चाहती है. राजहंस सिंह बहुत ही मझे हुए और अनुभवी कर्मठ नेता है. भाजपा का दामन पकड़ने के पहले ही शर्तें रखी थी कि अगर भविष्य में भाजपा और शिवसेना की युति होती है तो फिर हमारा क्या होगा? टिकट दिया जाएगा या नहीं उस समय भी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा था कि आपको कहीं न कहीं से टिकट दिया जाएगा. नहीं तो आपको सम्मानजनक कुर्सी पर बैठाया जाएगा. इसलिए भाजपा से मुंबई प्रदेश उपाध्यक्ष रहे राजहंस सिंह का मुंबई कांग्रेस में जाना सवालिया निशान पर है.

वहीं अगर पूर्व विधायक रमेश सिंह ठाकुर कांग्रेस में घर वापसी करते हैं तो उनके लिए बहुत बड़ा फायदा होगा और उनका भविष्य उज्जवल होगा. जिस प्रकार से विरेंद्र बख्शी कांग्रेस से भाजपा में गए थे. पुनः कांग्रेस में शामिल हो गए. ठीक उसी प्रकार से अगर रमेश सिंह ठाकुर कांग्रेस में पुनः आते हैं तो कांदीवली विधानसभा से कांग्रेस पार्टी अवश्य चुनाव लड़ाएगी।

अब देखना है चुनाव के पहले कौन नेता कौन सी पार्टी में प्रवेश करता है? और किसका भविष्य उज्ज्वल होता है? किसके भविष्य पर ग्रहण लगता है? जब मेट्रो दिनांक संवाददाता ने पूर्व विधायक राजहंस सिंह और रमेश सिंह ठाकुर से प्रतिक्रिया लेने के लिए संपर्क करना चाहा, परंतु उनसे संपर्क नहीं हो सका.

# महिला को अपने पति की तरह जीने का अधिकार है: हाई कोर्ट



**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई :** यह मानते हुए कि यह एक पुरुष की ड्यूटी है कि वह अपनी पत्नी का ध्यान रखे, मुंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि महिला को भी यह अधिकार है कि वह अपने जीवन को अपने पति की तरह जिए। न्यायालय ने कहा कि पति-पत्नी के बीच अनबन होने का मतलब यह नहीं है कि पत्नी एक दासी के रूप में रहे, उसे भी समाज में अपनी मर्जी से जीने का अधिकार है।

यह फैसला न्यायाधीश वी.एम. देशपांडे ने एक व्यक्ति की उस याचिका को खारिज करते हुए दिया है, जिसमें उसने निचली अदालत के उस फैसले को रद्द करने की मांग की थी, जिसमें उसे अलग रह रही पत्नी को रखरखाव के लिए १०,००० रुपये देने का आदेश दिया गया था।

हालांकि उस व्यक्ति ने कहा कि वह तलाक की अर्जी कर रहा है लेकिन तथ्य यह है कि वह आज भी अपनी पत्नी के साथ कानूनी रूप से शादीशुदा है। न्यायाधीश देशपांडे ने कहा कि 'मेरा विश्वास है कि पत्नी का भरण-पोषण करने की हर पति की ड्यूटी है। कोर्ट ने कहा, 'पत्नी का यह अधिकार है कि वह अपनी मर्जी से अपना जीवन जिए और वह पति के रहन-सहन के अनुरूप हो सकता है। केवल यह कहना कि पति-पत्नी में विवाद होने के कारण वे अलग-अलग रह रहे हैं, यह जरूरी नहीं है कि पत्नी दासी का जीवन जीने को मजबूर हो। यदि वह अलग भी रह रही है, तो भी उसका अधिकार है कि वह उसी तरह रहे, जैसा उसका पति रह रहा है।'

यह कोर्ट एक पति की उस याचिका को सुन रहा है जिसमें उसने पत्नी को मासिक रख-रखाव का खर्चा देने से मना कर दिया है। पति-पत्नी में आपसी विवाद चल रहा है। उसका दावा था कि उसकी पत्नी होम्योपथी डॉक्टर है, इसलिए मासिक रख-रखाव खर्च पाने की हकदार नहीं है। जबकि पत्नी का कहना था कि उसके पति को ५ लाख रुपये मासिक वेतन मिलता है, ऐसे में उसे कम से कम २५,००० रुपये हर महीने देने चाहिए। लेकिन पति ने उसके इस दावे को गलत बताया। न्यायाधीश देशपांडे ने एक मेट्रोमोनियल साइट पर पति द्वारा डाले गए अपने प्रोफाइल को आधार माना। यह प्रोफाइल बताती है कि उसका पति एक डिजिटल मार्केटिंग फर्म में काम कर रहा है, जिसमें उसकी आय ५ लाख रुपये महीना बताई गई है।

कोर्ट ने पति की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि 'केवल इसी आधार पर कि पत्नी होम्योपैथ की प्रैक्टिस कर रही है, वह पति से रख-रखाव का खर्चा पाने से अयोग्य नहीं हो जाती और उसे अपने पति जैसा जीवन जीने का अधिकार है।'

# स्व. वेद प्रकाश पांडे के वार्षिक श्राद्ध पर निःशुल्क चश्मा शिविर का आयोजन

**मंजु तिवारी**

**मुंबई :** मुंबई के प्रसिद्ध समाज सेवक व सरस्वती ग्रुप के चेयरमैन रहे स्वर्गीय वेदप्रकाश पांडे के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती ग्रुप के वर्तमान चेयरमैन विकास वेदप्रकाश पांडे द्वारा गोरेगांव (पूर्व) स्थित ज्योति कंपलेक्स फिल्म सिटी रोड पर किया गया है. विकास पांडे ने एक प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया है कि प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंख के चश्मा टेस्ट के लिए २१ और २२ मार्च २०१९ के सुबह ११:०० बजे से ३:०० बजे तक और टेस्टेड चश्मा लेने के लिए २३ मार्च २०१९ के शाम ३:३० से शाम ८:०० बजे तक सेवा दी जाएगी. श्री पांडे ने यह जानकारी दी है कि निःशुल्क जरूरतमंद लोगों के लिए मोतियाबिंदु ऑपरेशन और मुफ्त में चश्मा लेने के लिए कूपन लेना अनिवार्य है जिससे उस कूपन के माध्यम से आंख का ऑपरेशन कराया जा सके.

गौरतलब है कि स्व. वेद प्रकाश पांडे हिंदी भाषी समाज के एक कर्णधार थे जो हर संभव हिंदी भाषियों या किसी भी समाज का व्यक्ति हो अगर वह पीड़ित व्यक्ति उनसे मदद मांगने के लिए आता था, तो हमेशा उसकी मदद करते थे और हर दुख-सुख में शरीक होते थे, जिससे लोगों के बीच में वेदप्रकाश पांडे हमेशा याद आते रहेंगे. आज भी लोग कहते हैं कि वेदप्रकाश पांडे जी की कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती है.

मगर ठीक उसी प्रकार से उनका बेटा उनके बताए हुए मार्गदर्शन व उनके संस्कार का पूर्ण रूप से पालन करते हुए लोगों के बीच में पिताजी के नाम को अमर करते हुए अपना भी नाम रोशन करने की कोशिश कर रहा है और लोग बेटे की कार्य पद्धति से बहुत ही खुश है. पांडे जी को याद करते हुए उनके बेटे की सराहना करते हैं.

# कांग्रेस का १ मार्च को शक्ति प्रदर्शन



## मुंबई में राहुल की रैली

**सुरेश वाकडे**

**मुंबई :** राहुल की आम सभा को लेकर मुंबई कांग्रेस ने जोरदार तैयारी शुरू कर दी है.मंगलवार को मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम ने अपने नेताओं के साथ बैठक की. बैठक में सभा को सफल बनाने के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सभा के लिए बांद्रा कुर्ला कंपलेक्स के एमएमआरडीए मैदान को फाइनल किया गया है. निरुपम ने अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को सभा में एक लाख से ज्यादा की भीड़ जुटाने का लक्ष्य दिया है.

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है. इसके तहत १ मार्च को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की मुंबई में सभा आयोजित की गई है. शिवसेना बीजेपी की युति के बाद इस सभा को कांग्रेस का एक बड़ा शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है. निरुपम के लिए यह सभा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने शक्ति प्रदर्शन का एक बड़ा मौका है. मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से टिकट पाने का जुगाड़ लगा रहे निरुपम की कोशिश सभा में भारी भीड़ जुटाकर अपने दावे को मजबूत करना है. निरुपम ने कहा है कि राहुल बेहद आक्रामक अंदाज में भाषण देते हैं. उन्हें उम्मीद है कि राहुल गांधी इस सभा में सभी वर्गों के साथ युवाओं को खास संदेश देंगे. राहुल ने मुंबई सभा के लिए सुबह ११:०० बजे का समय दिया है. लेकिन कांग्रेस शाम ४:०० बजे का समय मांग रही है. मुंबई कांग्रेस को लगता है कि शाम की सभा में ज्यादा भीड़ जुटाना उनके लिए आसान होगा. १ मार्च को ही राहुल गांधी की धूले में भी आम सभा है.इस सभा में पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा भी मौजूद रहेंगे. उन्होंने कहा कि राहुल की सभा को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है. मेले में शिवसेना बीजेपी का यूती को अवसरवादी करार दिया. उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर राहुल के मार्गदर्शन में काम करेंगे. माना जा रहा है कि इस सभा में राहुल बीजेपी शिवसेना यूती पर बड़ा हमला बोल सकते हैं. यूती से पहले शिवसेना बीजेपी के खिलाफ काफी आक्रामक थी. ऐसे में कांग्रेस को शिवसेना पर वार करने का अच्छा मौका मिल गया है. कांग्रेस को उम्मीद थी कि दोनों पार्टियों के अलग-अलग चुनाव लड़ने का फायदा उनकी आघाड़ी को मिल सकता है लेकिन अब मुकाबला आर-पार का होगा. इस लड़ाई में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूरी ताकत झोंकने का फैसला किया है कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल के बाद राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की रैली के आयोजन का भी प्लान है. महाराष्ट्र में चुनाव के दौरान राहुल की पांच से अधिक रैली हो सकती है.




# संपादकीय

## सामूहिक विवाह से सामाजिक समरसता

राज्य में सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस खुद ऐसे कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। रविवार को वह शहापुर तहसील के आसनगांव में १,१०१ आदिवासी जोड़ों के विवाह में शरीक हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे सामाजिक समरसता बढ़ती है। सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन बहुत अच्छी अवधारणा है और इससे



परिवार पर पड़ने वाले बड़े खर्च का बोझ कम कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से पांच जोड़ों को मंगलसूत्र, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से गैस कनेक्शन तथा जिंदल कंपनी की तरफ से दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएं उपहार स्वरूप दीं। रविवार को सांसद कपिल पाटील फाउंडेशन व हिंदू सेवा संघ (महाराष्ट्र) के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में मंत्री एकनाथ शिंदे, विष्णु सावरा, कपिल पाटील, दिंडोरी के सांसद हरिशचंद्र चव्हाण, राज्यसभा सदस्य डॉ. विनय सहस्त्रबुध्दे, विधायक किसन कथोरे, गणपत गायकवाड, नरेंद्र पवार, निरंजन डावखरे, हिंदू सेवा संघ के काका जगे, जिलाधिकारी राजेश नार्वेकर आदि उपस्थित थे।

## ट्रेन के नए टाइम से बेखबर यात्रियों पर टूटी मुसीबतें

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** १९ जनवरी से ट्रेन क्रमांक २२१२१ एलटीटी-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस का प्रस्थान समय ४० मिनट पहले कर दिया गया है और सैकड़ों यात्री पीछे छूट रहे हैं। इसी बीच एलटीटी पर टैक्सी वालों का एक रैकेट इन यात्रियों को ठगने में लगा हुआ है, जिन पर मध्य रेलवे की ओर से अब तक एक भी कार्रवाई नहीं की गई है।



रेल मंत्रालय और भारत सरकार के अनुसार पिछले ४-५ सालों में रेलवे का सिस्टम बहुत सुधर चुका है। यात्रियों और रेलवे के बीच कम्यूनिकेशन के मॉर्डन विकल्प विकसित किए गए हैं, लेकिन ट्रेनों का टाइम बदल जाता है और २०-२२ दिनों तक भी यात्रियों को कोई खबर नहीं लगती, तो इस रेल सिस्टम को फेल सिस्टम कहा जा सकता है। रेलवे की इस बड़ी चूक पर खास रिपोर्ट:

१६ फरवरी को चौरसिया परिवार के साथ घटना होने के बाद उन्हें घर लौटना पड़ा। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर डेटा फीडिंग का काम रेलवे के सर्वर डिपार्टमेंट के लोग करते हैं।

वेबसाइट पर दिखने वाली जानकारी और वेबसाइट से भेजे जाने वाले संदेश (एसएमएस) के लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं।'

सूचना देने में ध्ंिऊण फेल ः इसी ट्रेन में ९ फरवरी को यात्रा करने के लिए जब विभोर कटियार अपने चार महीने छोटे बच्चे और बुजुर्ग मां के साथ दोपहर १३:५० बजे के करीब एलटीटी पहुंचे, तो ट्रेन निकल चुकी थी। विभोर ने आईआरसीटी से टिकट बुक की थी, जो आमतौर पर ट्रेन रवाना होने के पहले भी एसएमएस भेजती है। ट्रेन निकल चुकी है, इसकी तसल्ली के लिए जब विभोर ने एक बार आईआरसीटीसी पर डाू एश्ए के माध्यम से कन्फर्म किया, तो उन्हें पुरानी टाइमिंग यानी १४:२० वाला एसएमएस मिला। विभोर कई बार आईआरसीटीसी से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई माकूल जवाब नहीं मिला है।

## ३ मार्च से शुरू होगा परेल टर्मिनस, रोजाना चलाई जाएंगी ३२ सेवाएं

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** मध्य रेलवे पर जल्दी ही एक और टर्मिनस की शुरुआत होने जा रही है। इसका नाम है परेल टर्मिनस जो मॉर्डन मल्टिनैशनल कंपनियों का हब बन चुका है। दादर पर बढ़ रही भीड़ को कम करने के लिए परेल टर्मिनस एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है, इसलिए इसकी शुरुआत भी जोरशोर से होने जा रही है। एक अधिकारी के मुताबिक मार्च के पहले सप्ताह में परेल टर्मिनस शुरू हो सकता है। रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार ३ मार्च को शुरुआत होगी। इस टर्मिनस से रोजाना ३२ सेवाएं अप-डाउन टर्मिनेट और परिचालित होंगी।

परेल टर्मिनस का काम लगभग पूरा हो चुका है। नई लाइन, नया प्लैटफॉर्म, नए क्रॉस ओवर, नए सिग्नल और नया ओवर हेड वायर कनेक्शन ये सभी पूरे कर लिए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि टर्मिनस के लिए सबसे जरूरी यार्ड रीमॉडलिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। दादर और परेल स्टेशन के बीच मौजूदा रूट से ही दो अतिरिक्त स्टैबलिंग लाइनें तैयार की गई हैं। स्टैबलिंग लाइन का मतलब है कि टर्मिनेटिंग प्लैटफॉर्म पर यदि कोई ट्रेन रवाना होने के लिए खड़ी हो, तो उसी लाइन पर आ रही दूसरी ट्रेन अतिरिक्त लाइन यानी स्टैबलिंग लाइन पर इंतजार कर सकती है। प्लैटफॉर्म पर लिफ्ट लगने का काम २८ फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। केवल एस्केलेटर का काम टर्मिनस शुरू होने के बाद पूरा होगा।

कई सालों से लंबित पड़ी परियोजना परेल टर्मिनस में सितंबर २०१७ को एलफिंस्टन रोड स्टेशन पर हुए हादसे के बाद तेजी आई। हादसे के बाद भारतीय सेना की मदद से कुछ ही दिनों में नया एफओबी तैयार किया। इसके बाद रेलवे ने १२ मीटर चौड़ा एफओबी बना दिया। अब प्रभादेवी और परेल टर्मिनस को जोड़ने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। परेल टर्मिनस को पूरा करने के लिए अब सिर्फ प्लैटफॉर्म कवर ओवर (सीओपी) और स्टैबलिंग लाइन के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट मिल रहा है। तीन प्लैटफॉर्म वाले इस टर्मिनस का काम लगभग ५१ करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ है।

## डॉ. संजय राऊत का अपहरण, अपहरणकर्ताओं ने फिरौती में मांगे ५ करोड़ रुपए

**सातारा:** महाराष्ट्र के सातारा जिले स्थित फलटन में पांच करोड़ रुपए की फिरौती के लिए एक डॉक्टर के अपहरण का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की रात जब डॉक्टर संजय राऊत अस्पताल से अपने घर जा रहे थे, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उनका अपहरण कर लिया. अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के रूप में ५ करोड़ रुपए की मांग की है. डॉक्टर संजय राऊत को किडनैप करने के बाद अपहरणकर्ताओं ने उनके अस्पताल में फोन किया और उन्हें छोड़ने के बदले में फिरौती के तौर पर इतनी बड़ी रकम की मांग की है. इस घटना के बाद से पूरे शहर में हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि डॉ. संजय राऊत फलटन के एक मशहूर डॉक्टर हैं. वो सिद्धनाथ अस्पताल में कार्यरत हैं. मंगलवार यानी १९ फरवरी की रात करीब १० बजे वो हर रोज की तरह बाइक पर सवार होकर अपने घर के लिए अस्पताल से निकले थे, लेकिन तभी एक गाड़ी में आए कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनका अपहरण कर लिया. अपहरण के बाद अपहरणकर्ताओं ने डॉक्टर के मोबाइल फोन से सिद्धनाथ अस्पताल में फोन करके उनके अपहरण की जानकारी दी.अपहरणकर्ताओं ने फोन पर बताया कि अगर वो डॉक्टर को सही सलामत छुड़ाना चाहते हैं तो ५ करोड़ रुपए की फिरौती देनी होगी. इस फोन कॉल के बाद से अस्पताल और वहां के कर्मचारियों में भय का माहौल बन गया है.

गौरतलब है कि पुलिस को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली वो इस मामले की तफ्तीश में जुट गई. पुलिस ने इस मामले की शिकायत दर्ज कर ली है. फलटन विभाग के पुलिस उपअधीक्षक डॉ. अभिजीत पाटील और पुलिस निरीक्षक दत्तात्रय नाले का कहना है कि उन्होंने इस अपहरण कांड का पर्दाफाश करने के लिए तलाशी अभियान शुरु कर दिया है.

## बेटी के अपहरण मामले में BJP नेता गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में पुलिस ने एक भाजपा नेता को अपने ही बेटी के अपहरण के मामले में २ अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। मीडिया से बात करते हुए अतिरिक्त अधीक्षक तन्मय सरकार ने बताया कि रविवार सुबह युवती के डलखोला इलाके में होने का पता चला, जिसके बाद बीरभूम पुलिस ने उत्तर दिनाजपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चला कर युवती को आजाद कराया गया। मामला पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले का है, जहां बीजेपी नेता सुप्रभात



बटबयाल की बेटी को २ लोगों ने गुरुवार को बंदूक के दम पर अगवा कर लिया था।

अतिरिक्त अधीक्षक तन्मय सरकार ने ज्यादा जानकारी देते हुए कहां की हमने दो लोगों के साथ-साथ लड़की के पिता को भी गिरफ्तार कर लिया है और अपहरण के तह तक जाने के लिए लड़की के पिता से पूछताछ की जा रही है। वहीं बीरभूम जिले के पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'हमने आज सुबह दालखोला से लड़की को छुड़ाया। वह ठीक है और हम यह पता लगाने के लिए उससे बात कर रहे हैं कि असल में हुआ क्या था। हमने लड़की के पिता को भी गिरफ्तार कर लिया है, क्योंकि हमें लगता है कि उसने अपहरण में अहम भूमिका निभाई है।'

अपहरण के पीछे की मंशा के बारे में पूछने पर सिंह ने कहा, 'इसके दो पहलू हैं। एक तो पारिवारिक समस्या है और दूसरा यह भी है कि राजनीतिक फायदा लेना इसका मकसद रहा हो। हम मामले की जांच कर रहे हैं। हम तीनों से पूछताछ कर रहे हैं।' जिला पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि करीब पांच महीने पहले तृणमूल कांग्रेस छोड़कर BJP में शामिल हुए बटव्याल को शनिवार की रात हिरासत में लिया गया था। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस को उसकी बेटी के ठिकाने के बारे में पता चला।

आपको बता दें कि तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने से पहले बटबयाल माकपा की जिला कमेटी का सदस्य था। उसकी बेटी के अपहरण के बाद लाभपुर में तनाव की स्थिति बन गई थी। प्रदर्शनकारियों ने तीन दिन से सूरी-कटवा रोड जाम कर रखा था। शनिवार को एक भीड़ ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय विधायक मनिरुल इस्लाम की गाड़ी पर हमला किया और उन्हें खदेड़ दिया, जिसकी वजह से उन्हें स्थानीय पुलिस थाने में शरण लेनी पड़ी। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। तो वहीं बीजेपी के जिला नेतृत्व ने आरोप लगाया था कि इस अपहरण के पीछे तृणमूल कांग्रेस समर्थित गुंडों का हाथ है।

## लुका-छिपी खेल में टीचर ने लड़के से की घिनौनी करतूत, हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** दिल्ली में शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। आनंद विहार इलाके में एक टीचर को १४ वर्षीय नाबालिग लड़के का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोप है कि टीचर ने नाबालिग लड़के का उसके में यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार को हुई और आरोपी व्यक्ति पिछले कुछ महीनों से किशोर को पढ़ा रहा था। पुलिस के अनुसार ३५ वर्षीय टीचर किशोर को बाथरूम में ले गया और लुका-छिपी खेल के दौरान उसे आपत्तिजनक तरीके से छुआ। पुलिस ने कहा कि किशोर के माता-पिता घटना के समय घर पर नहीं थे। बाद में किशोर ने अपने माता-पिता को इसके बारे में बताया जिन्होंने आनंद विहार पुलिस थाना से संपर्क किया। आरोपी टीचर के खिलाफ बाल यौन शोषण रोकथाम (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।गौरतलब है कि कुछ महीने पहले लड़कों के यौन उत्पीड़न से संबंधित एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि लड़कियों की तुलना में लड़के यौन उत्पीड़न का शिकार ज्यादा होते हैं। देश में अक्सर जब बात बच्चों से यौन उत्पीड़न के मामलों की आती है तो दिमाग में लड़कियों के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की घटनाएं आंखों के सामने उमड़ने लगती हैं, लेकिन इसका एक पहलू कहीं अंधकार में छिप सा गया है।

कुछ महीने पहले आई महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट दर्शाती है कि देश में ५३.२२ फीसदी बच्चों को यौन शोषण के एक या अधिक रूपों का सामना करना पड़ा, जिसमें से ५२.९४ फीसदी लड़के इन यौन उत्पीड़न की घटनाओं का शिकार हुए।

## २५ साल की महिला ने ७ बच्चों को दिया जन्म

### ६ लड़कियों और १ लड़के की गूंजी किलकारी

इराक में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसके बारे में जानकर लोग हैरान है. एक इराकी महिला ने हाल ही में ६ लड़कियां और एक लड़के समेत ७ बच्चों को जन्म दिया है. महिला ने १२ फरवरी को पूर्वी इराक के दियाली प्रोविन्स के एक हॉस्पिटल में एक साथ छह बेटियों और एक बेटे को जन्म दिया. फिलहाल सेप्लेट को जन्म देने वाली २५ वर्षीय महिला के नाम का खुलासा नहीं किया गया है.



बताया जा रहा है कि ७ बच्चों को जन्म देने वाली महिला का स्वास्थ्य अब बेहतर है और बच्चे भी अच्छे हैं. वहीं बच्चों को पिता ने कहा कि उनका फैमली प्लानिंग करने का कोई इरादा नहीं था. लेकिन फिर अब दस बच्चों का खर्च देखना पड़ेगा. जन्म के बाद खींची गई बच्चों की फोटो खिंची गई थी. जब अब सोशल मीडिया पर इराक ही नहीं बल्कि दुनियाभर में वायरल हो रही है. इससे पहले साल २०१८ में एक महिला ने एक साथ ६ बच्चों को जन्म दिया था.

वहीं अमेरिका में साल १९९७ में एक महिला लोआ में सिजेरियन के बाद सात बच्चों को जन्म दिया था. जिसके बाद तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने फोन कर महिला को बधाई दी थी. फिलहाल हर कोई बच्चों के लंबी आयु की दुआ कर रहा है. वहीं परिवार भी अपने नए मेहमानों की इस नई दुनिया में स्वागत कर रहे हैं.

## १२ साल की बच्ची के साथ उसकी मां का प्रेमी करता था यौन शोषण, सहयोग करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. दरअसल, ३० साल की एक महिला को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है. महिला पर आरोप है कि उसका प्रेमी उसकी १२ साल की बेटी के साथ यौन शोषण करता था और कथित रूप से वह इसमें सहयोग करती थी. महिला की जमानत याचिका इस हफ्ते विशेष अदालत ने खारिज कर दी थी. बच्ची ने बताया है कि उसके पिता मानसिक रूप से बीमार हैं और मां का किसी दूसरे शख्स के साथ अफेयर है. बच्ची ने बताया कि मां पापा को नींद की गोलियां देती थी. जिसके बाद आरोपी घर पर आता था और रहता था.

आरोपी जब उसके घर आता था तो उसे गलत तरीके से छूता था. साथ ही उसे और उसके भाई को पॉर्न वीडियो दिखाता था. बच्ची ने कहा कि उसने इस बारे में अपनी मां को बताया था लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया. फिर बच्ची ने इसे लेकर अपनी दादी और एक अन्य रिश्तेदार से शिकायत की. जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज कराया गया. बच्ची की मां और उसके प्रेमी को १० जनवरी को गिरफ्तार किया गया था. जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बच्ची की मां ने कोर्ट में कहा कि उसे झूठे आरोप में फंसाया गया है. उसने ये भी दावा किया कि पुलिस को यौन शोषण की सूचना नहीं देने के कारण उसे गिरफ्तार किया गया था बच्ची की मां ने दावा किया कि उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं था. उसने दावा किया कि उसका कोई पिछला क्रिमिनल बैकग्राउंड नहीं है और कभी किसी अपराध में शामिल नहीं रही है. बच्ची की मां ने कहा कि वह परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य है और उसे जमानत पर रिहा करने की जरूरत है. हालांकि अभियोजन पक्ष ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि इस मामले में दोनों बच्चों का बयान मजिस्ट्रेट के सामने रिकॉर्ड कराया गया है. अभियोजन पक्ष ने कहा कि जमानत मिलने के बाद पीड़ित बच्ची की मां होने के नाते वह उसे धमकाएगी.

## अंबानी पर चला कोर्ट का सोंटा, लौटाओ रु. ४५३ करोड़ या जाओ जेल

**मुंबई : जानेमाने उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना सोंटा चलाया है। सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी और दो अन्य डायरेक्टर्स को एरिक्सन मामले में कोर्ट की अवमानना का दोषी ठहराया गया है। अनिल अंबानी और अन्य दो निदेशकों को एरिक्सन इंडिया को ४ हफ्तों के अंदर ४५३ करोड़ रुपए का भुगतान करना होगा। यदि वे इस राशि का भुगतान नहीं करते हैं तो उन्हें ३ महीनों की जेल भी हो सकती है।शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि एक महीने में राशि का भुगतान नहीं होता है तो सभी पर १ करोड़ रुपए का जुर्माना लगेगा और उन्हें १ महीने की जेल भी होगी। आरकॉम के अन्य दो डायरेक्टर जिन्हें अदालत की अवमानना के मामले में दोषी पाया गया है, वे रिलायंस टेलीकॉम के चेयरमैन सतीश सेठ और रिलायंस इंफ्राटेल के चेयरपर्सन छाया विरानी हैं।**

## पुलवामा आतंकी हमला:

### राज ठाकरे ने दी थी चेतावनी, अब टी सीरीज ने पाकिस्तानी सिंगर्स के विरुद्ध उठाया ये ठोस कदम




खबरों की माने तो टी-सीरिज ने राहत फतेह अली खान और आतिफ असलम के साथ दो सिंगल्स का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था. लेकिन अब अमेय खोपकर का कहना है कि उनकी चेतवानी के बाद कंपनी ने यूट्यूब से पाकिस्तानी सिंगर्स के गाने डिलीट कर दिए हैं.आपको बता दें कि साल २०१६ में जब उरी पर अटैक किया गया था, उस समय भी राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने पाकिस्तानी आर्टिस्ट्स को देश छोड़ने के लिए कहा था. पाकिस्तान वापिस जाने के लिए उन्हें ४८ घंटे का समय दिया था. मनसे ने फिल्म प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स से कहा था कि वह अपनी फिल्म किसी भी फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार के साथ काम नहीं करेंगे.

जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद शनिवार को मुंबई में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की फिल्म विंग ने म्यूजिक कंपनीज से पाकिस्तानी सिंगर्स के साथ काम न करने की बात कही थी. एमएनएस चित्रपट सेना के अध्यक्ष अमेय खोपकर ने कहा था कि, 'हमने टी-सीरीज, सोनी म्यूजिक, वीनस, टिप्स म्यूजिक जैसी कई इंडियन म्यूजिक कंपनीज से कहा है कि वे पाकिस्तान सिंगर्स के साथ काम करना बंद करें. अब कंपनियों को ऐसा करना बिल्कुल बंद करना होगा वरना हम अपने तरह से से एक्शन लेंगे.'

## साइकल ऐम्बुलेंस करेगी सेहत की रखवाली

**मुंबई :** झोपड़पट्टी की बहुलता, बढ़ते ट्रैफिक और तंग गलियों में चिकित्सकीय सुविधाओं की नहीं के बराबर पहुंच को देखते हुए सरकार ने साइकल ऐम्बुलेंस योजना की शुरुआत की है। इस पहल के बाद तंग गलियों और भारी ट्रैफिक वाली जगहों में साइकल ऐम्बुलेंस जाया करेगी, ताकि समय रहते मरीजों का इलाज किया जा सके। साइकल ऐम्बुलेंस एक से दो किलोमीटर के बीच सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इसके लिए लोगों को हेल्पलाइन नंबर १०८ पर फोन करना होगा। इसमें बुजुर्गों के लिए दवा और बुनियादी जरूरत के सामान होंगे, जिससे प्राथमिक स्तर पर मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें। एक साइकल ऐम्बुलेंस की लागत करीब २१ हजार रुपये है, जिसमें साइकल की कीमत ५१ सौ रुपये, जीपीएस डिवाइस की कीमत ८ हजार रुपये, सॉफ्टवेयर की कीमत ३ हजार रुपये और चिकित्सा उपकरण की कीमत ५ हजार रुपये शामिल है। ग्लूकोमीटर और पल्सेसीमीटर से लैस यह साइकल ऐम्बुलेंस झोपड़पट्टी बहुल इलाके में घुमा करेगी। अभी करीब दो दर्जन साइकल ऐम्बुलेंस लॉन्च किए गए हैं।


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

**संपर्क : मो.**
**९८२१२८७९०५,**
**९३२२२४८३५३-**
**९१६७००९६२९**
**Email :**

## Advertisment Rates

**Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)**

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) **- चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
**मो.** 9821287905,9322248353-9167009629
**Email : metrodinank@gmail.com**
**Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009**
**नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें**

# 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' का नारा लगाओ, 10 प्रतिशत डिस्काउंट पाओ!


**नई मुंबई :** सोशल मीडिया पर वायरल हुए होटल 'लक्की तवा' का डिस्काउंट रेट सुर्खियों में है। 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' बोलने पर ग्राहक को मिलता है दस प्रतिशत डिस्काउंट। 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' बोलने के बाद भोजन का ऑर्डर लिया जाता है। आनेवाले दिनों में डिस्काउंट और बढ़ेगा।

बता दें कि खारघर इलाके के हीरानंदानी कांप्लेक्स में 'लक्की तवा' के नाम से एक होटल है। होटल चालक सैयद खान ने होटल का वीडियो बनाया, जिसमें कहा गया है कि 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' बोलने पर भोजन के बिल में दस प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। सैयद खान ने बताया कि पुलवामा इलाके में पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा आत्मघाती हमले में हमारे ४२ जवान शहीद हो गए। गद्दार पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी है। खान ने पाकिस्तान के विरोध में अपने गुस्से को जाहिर करते हुए कहा है कि पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे निंदनीय कार्य की जितनी बुराई की जाय, वह कम है। हमारे होटल में अधिकतर भोजन पार्सल के रूप में ग्राहक ले जाते हैं। दस प्रतिशत डिस्काउंट की बात से ग्राहक खुशी-खुशी पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाते हैं जिसे सुनकर मन आनंदित हो जाता है। खान ने डिस्काउंट की बात पर मार्केटिंग नहीं करने की बात कहकर डिस्काउंट रेट को दस प्रतिशत की जगह पर तीस प्रतिशत करने की बात कही है। वहां पहुंचे ग्राहक एक बार नहीं दस बार 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' बोलकर नारेबाजी करते नजर आ रहे हैं।




# पबजी बनाएगा 'और भी पागल', नए अपडेट में आया, जोम्बी मोड

**ठाणे :** हिंदुस्थान के युवाओं पर इस वक्त पबजी गेम का भूत-सा सवार नजर आ रहा है। इस गेम को लेकर कई क्राइम के मामले सामने आ रहे हैं लेकिन गेम पर किसी भी प्रकार की पाबंदी अब तक सरकार द्वारा नहीं लगाई गई है। ऐसे में इस खेल को और रोमांचक बनाने के लिए एक नया अपडेट इस गेम में डाला गया है, जिसे जोम्बी मोड का नाम दिया गया है। इस संदर्भ में खेलनेवालों का कहना है कि इस जोम्बी मोड को खेलनेवाले पागलों जैसे खेल रहे हैं।



बता दें कि पबजी गेम हिंदुस्थान में सबसे अधिक ऑनलाइन खेले जानेवाले खेलों में शामिल है। कॉलेज के विद्यार्थी सहित स्कूली छात्रों द्वारा इस गेम को खूब खेला जा रहा है। इस गेम में सोमवार को एक नया अपडेट डाला गया है, जिसे जोम्बी इवेंट का नाम दिया गया है। टिटवाला के रहनेवाले प्रज्वल पुजारी ने बताया कि १८ फरवरी की रात जोम्बी इवेंट को पबजी में डाला गया है। इस अपडेट के आने से इस गेम को खलनेवालों की दिलचस्पी बढ़ गई है। विनेश बोरवंशी ने बताया कि जोम्बी मोड काफी आकर्षक है, इसे निरंतर खेलते रहने का मन करता है। पंकज कोकाटे ने बताया कि जोम्बी मोड में खेलना आसान नहीं है क्योंकि एक तरफ जोम्बी भी खिलाड़ी को मारते हैं और दुश्मन भी। इस खेल को जितना कठिन बनाया जा रहा है लोग उतनी ही दिलचस्पी से इसे खेल रहे हैं।

## संक्षिप्त न्यूज

### तंबाकू को 'टाटा', 'बेस्ट' मुहिम

**मुंबई :** बेस्ट के कर्मचारियों में तंबाकू सेवन की लत बड़ी पुरानी है। यह बात जगजाहिर है कि तंबाकू कैंसर का कारक है इसके बावजूद लोग इसका सेवन करते हैं। इसी के मद्देनजर बेस्ट ने ५ साल पहले एक मुहिम चलाई। इस मुहिम के तहत बेस्ट कर्मचारियों को तंबाकूमुक्त करने का ध्येय रखा गया। बेस्ट के डॉक्टर की सूझबूझ के कारण यह मुहिम अब 'बेस्ट' साबित हो रही है। बेस्ट के चीफ मेडिकल ऑफिसर ने तंबाकू की लत छुड़वाने के लिए ऐसा घरेलू नुस्खा (मैजिक मिक्सचर) अपनाया कि कर्मचारियों ने तंबाकू को 'टाटा' कर दिया है मतलब तंबाकू छोड़ दिया। तंबाकू की बजाय मैजिक मिक्सचर लेने के बाद ५,००० ड्राइवर, कंडक्टर सुरतीमुक्त हो गए हैं। टाटा अस्पताल में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस टोबैको में बेस्ट के डॉक्टर ने इस अलग तरह के उपाय का प्रेजेंटेशन भी दिया, जिसके बाद देश के डॉक्टरों ने भी माना कि सुरतीमुक्त करने के लिए यह नुस्खा जबरदस्त है।

### ६९ दिन में रेलवे ने रचा इतिहास , लोको को मिली डबल शक्ति

**मुंबई :** पीएम मोदी ने दुनिया के पहले डीजल से इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजन को हरी झंडी दिखाई। इस इंजन का निर्माण वाराणसी रेल इंजन कारखाना में किया गया है। वाराणसी रेल इंजन कारखाना में पीएम मोदी ने दिव्यांगजनों से मुलाकात भी की। बता दें कि भारतीय रेल के डीजल लोकोमेटिव वर्क्स ने विश्व में पहले डीजल रेल इंजन को इलेक्ट्रिक रेल इंजन में बदला है। वाराणसी के डीजल रेल इंजन कारखाना ने विश्व में पहली बार डीजल रेल इंजन को इलेक्ट्रिक रेल इंजन में बदलकर स्वर्णिम इतिहास रचा है। 'मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत स्वदेशी तकनीक अपनाते हुए डीजल रेल कारखाने ने डब्ल्यूएजीसी ३ श्रेणी के रेल इंजन से शुरुआत की है। बता दें कि यह इलेक्ट्रिक रेल इंजन मालगाड़ी (फ्रेट वर्क) में उपयोग किया जाएगा। यह इंजन प्रदूषणमुक्त है और डीजल इंजन के मुकाबले बेहतर स्पीड और १० हजार हॉर्स पावर की क्षमता देने में कारगर है।

### अब खाओ धका-धक, चौपाटी पर बनेगा 'चटपटा' हब

**मुंबई :** मायानगरी मुंबई बॉलीवुड, व्यापार के अलावा पर्यटन व चटपटे स्ट्रीट फूड के लिए भी काफी मशहूर है। दिक्कत यह है कि साफ-सफाई और क्वॉलिटी को लेकर हमेशा स्ट्रीट फूड पर सवाल उठते हैं। इसी के मद्देनजर अन्न व औषधि प्रशासन (एफडीए) और खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) जल्द ही जुहू और गिरगांव चौपाटी को 'क्लीन स्ट्रीट फूड का हब' का दर्जा देनेवाली है। यानी अब उक्त जगह पर लोग चटपटे चाट व खाद्य पदार्थों को धका-धक खा सकते हैं। मतलब चौपाटी अब 'चटपटा' हब बनेगी।


### एक क्लिक पर मिलेगी क्लस्टर की जानकारी

**ठाणे :** जर्जर इमारतों में रहनेवाले नागरिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित घरों में लाने के लिए क्लस्टर योजना मनपा द्वारा लाई गई है। इस योजना में लगनेवाले वक्त को कम करने के लिए मनपा तकनीकी तंत्र का इस्तेमाल करनेवाली है जिससे मोबाइल फोन पर महज एक क्लिक पर क्लस्टर की पूरी जानकारी मिल सकेगी। बता दें कि शिवसेना के १५ वर्षों के प्रयत्नों के बाद राज्य सरकार ने क्लस्टर योजना को मान्यता दी है। प्रथम चरण में कोपरी, हाजुरी, राबोड़ी, किसननगर, लोकमान्य नगर सहित ६ विभागों का समावेश है। सर्वे का काम भी जारी है। कलस्टर के काम की शुरुआत से पहले नक्शा, मूलभूत सुविधाएं, मलनिःस्सारण, जलापूर्ति, बिजली आपूर्ति, केबल और गैस सुविधाओं की जानकारी इकट्ठा की जा रही है जिसके बाद सभी जानकारी ऑनलाइन प्रणाली में डाल दी जाएगी। ऑनलाइन प्रणाली में जानकारी डालने के बाद एक मोबाइल ऐप और वेब संकेत स्थल भी तैयार किया जाएगा, जिस पर भी क्लस्टर संबंधित जानकारियां मौजूद होंगी। जानकारियों का इस्तेमाल अधिकारी सहित नागरिक भी कर सकते हैं। इस ऑनलाइन प्रणाली के लिए मनपा कुल १० लाख रुपए खर्च करनेवाली है।

### ताबूत चूम पत्नी ने कहा लव यू, किया सेल्यूट

**मुंबई :** शहीद चित्रेश बिष्ट का सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर उनकी पत्नी जिस तरह से श्रद्धांजलि अर्पित की उसे देख सभी की आंखे नम हो गई। मेजर विभूति शंकर ढौंडियाल का दस महीने पहले ही विवाह हुआ था। जब शहीद का पार्थिव शरीर देहरादून लाया गया तो पूरा शहर ही वीर सपूत को श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा। शहीद के परिवार के लोग भी इनमें शामिल थे। लेकिन जब मेजर विभूति शंकर की पत्नी ने ताबूत के पास जाकर कहा लव यू और अंत्येष्टि के समय सेल्यूट किया तो माहौल गमगीन हो गया। पुलवामा में रविवार रात हुई मुठभेड़ में मेजर विभूति शंकर ढौंडियाल शहीद हो गए थे।

मेजर विभूति ढौंडियाल का पर्थिव शरीर सोमवार की देर शाम देहरादून स्थित उनके घर पर पहुंचा था। सेना के जवानों के कंधे पर तिरंगे से लिपटे ताबूत में घर पहुंचे बेटे को देखकर परिजन बिलख पड़े। सुबह से जहां सन्नाटा पसरा था, वहां एकाएक कोहराम

आरओसी - २०१८-१९ /क्र-५/C६९०१

# साप्ताहिक सब की खबरें की ११वीं वर्षगांठ धूमधाम से संपन्न

**गोविंद अग्रवाल**

**मुंबई ।** पिछले दिनों १५ फरवरी २०१९ को 'सब की खबरें' की ११वीं वर्षगांठ मुंबई के प्रेसक्लब में धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप से मुंबा देवी के प्रधान पुजारी हनुमंता बाबा के साथ-साथ भाजपा के मुंबई प्रवक्ता










संजय ठाकुर उपस्थित थे, जिसमें हनुमंता बाबा के साथ-साथ संजय ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एड. विनय दुबे, दीनानाथ तिवारी (संपादक मेट्रो दिनांक), मंजू तिवारी (मुद्रक प्रकाशक मेट्रो दिनांक), डॉ. प्रशांत दुबे, समाजसेवक मोहन चौहान, डॉ. नॅक्सन नाटके (महाराष्ट्र प्रदेश प्रतिनिधि), समाजसेवक संजय ठाकुर, संतोष तिवारी (संपादक अभिमान भारत), पत्रकार पूजा पाण्डेय, सब की खबरें के यू.पी. चीफ ब्यूरो राजेंद्र प्रसाद यादव, डॉ. ब्रिजेश पांडेय, हरिमोहन तिवारी, प्रमोद उपाध्याय, मनोज सिंह, सुनील दास, हनुमान कनौजिया, सीताराम कडलक, समाजसेविका नजीरा कुरैशी, विमलेश तिवारी, विवेक तिवारी, सूरज तिवारी, अमन तिवारी, रामदुलार यादव, पंचम विश्वकर्मा, शंकर सिंह, मुर्शिद अली शेख, पद्माकर दुबे, रामजी विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा के साथ-साथ राजनैतिक एवं शिक्षण जगत के कई मान्यवर एवं समाजसेवक




उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सब की खबरें के संपादक सत्यप्रकाश तिवारी का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। समाजसेवक जयशंकर सिंह ठाकुर ने केक काटकर एवं शाल व गुलदस्ता देकर सत्य प्रकाश तिवारी का जोरदार स्वागत किया। लोगों ने तालियां बजाकर भी स्वागत किया।

सभी मान्यवरों ने अपने अपने विचार रखे, जिसमें मुख्य अतिथि मुंबादेवी मंदिर के पुजारी हनुमंता बाबा ने सब की खबरें की ११वीं वर्षगांठ पर बधाई दी, उन्होंने कहा कि सब की खबरें का मुंबादेवी मंदिर के प्रांगण से शुरुआत हुआ, जो आज लगातार चल रहा है। मां मुंबादेवी का आशिर्वाद हमेसा सब की खबरें व संपादक सत्य प्रकाश तिवारी पर बनी रहे यही हमारा आशिर्वाद है। इसके बाद मेट्रो दिनांक के संपादक दीनानाथ तिवारी ने भी अपने विचार रखे और कहा कि पेपर चलाना मामूली काम नहीं है, इसलिए सभी लोगों को विज्ञापन देकर मदद करना चाहिए। पेपर हमेशा निष्पक्ष लिखता है, किसी के दबाव में नहीं रहता, केवल लोग अपनी सोच बदलें। आगे एड. विनय दुबे ने पुलवामा में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा किया।

आगे सब की खबरें की ११वीं वर्षगांठ पर संपादक सत्य प्रकाश तिवारी को तहे दिल से मैं बधाई देता हूं, जो लगातार इतनी मेहनत के साथ पेपर चला रहे हैं, हमारा सहयोग इनके साथ हमेशा बना रहेगा। समाजसेवक मोहन चौहान ने भी मराठी में संपादक सत्य प्रकाश तिवारी को बधाई दी। डॉ. नॅक्सन नाटके ने कहा कि सब की खबरें कुछ दिनों में डेली हो जाए, यह हमारी शुभकामनाएं उनके साथ है। तिवारी जी काफी मेहनत करके आज कलर पेपर निकाल रहे हैं, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। साथ ही साथ आज उनका जन्मदिन भी है उनके जन्मदिन पर मैं हार्दिक शुभेच्छा देता हूं। अंत में भाजपा मुंबई के प्रवक्ता संजय ठाकुर ने कहा कि वर्षगांठ पर संपादक सत्य प्रकाश तिवारी को मैं हार्दिक शुभेच्छा देता हूं और साथ ही जन्मदिन की बधाई देता हूं और आगे कहा कि आतंकी हमले में प्रधानमंत्री जी ने सेना को छूट दे दिया है और प्रधानमंत्रीजी अपने मंत्रीगण के साथ मीटिंग कर रहे हैं और पाकिसान को मुंह तोड़ जवाब देंगे। पूरा देश इस समय शोक में डूबा हुआ है, सभी पार्टियां एकत्र होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में कई नेतागण नहीं आ सके, क्योंकि जगह-जगह शहीदों को श्रद्धांजलि दी जा रही थी, लेकिन तिवारीजी मालाड के सम्मानित पत्रकार हैं,इनका पेपर सब की खबरें बराबर प्रकाशित हो रहा है। मैं अपना टाईम निकालकर इस कार्यक्रम में आया हूं, फिर से मैं तिवारीजी को बधाई देता हूं। अंत में सभी आए हुए पत्रकार और समाजसेवा क्षेत्र के लोगों को शाल एवं गुलदस्ता देकर संपादक सत्यप्रकाश तिवारी ने बधाई दी। अंत में टीचर तरन्नुम फातिमा अमीर हसन ने राष्ट्रगीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया।

# आतंकी हमले से मुंबईकरों में रोष

## कैंडल मार्च, जगह-जगह किया गया विरोध प्रदर्शन

**वी. बी. मानिक**

**मुंबई :** जम्मू कश्मीर के पुलवामा हमले के खिलाफ लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है. हमले के बाद मुंबई सहित उपनगर में कैंडल मार्च












निकालकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया. शहर एवं उप नगर के कई इलाकों में लोगों ने अपने व्यवसाय बंद रखें और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी.

हमले से व्यथित लोग पाकिस्तान एवं आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. दहिसर में अंबाबाड़ी वेलफेयर एसोसिएशन ने बंद का आयोजन किया. व्यापारियों ने हाथ में तिरंगा लेकर मोर्चा निकाला एवं अंबाबाड़ी नाके पर पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी. बंद का नेतृत्व किशोर त्रिवेदी व अन्य ने किया.

मलाड कुरार विलेज में भाजपा नगर सेवक विनोद मिश्रा के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया० सावरकर मैदान में सभी दलों के लोगों ने वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर नगरसेवक विनोद मिश्रा के अलावा आमदार सुनील प्रभु, संजय पराड़कर, रमेश शर्मा, दीनानाथ तिवारी, भारती बेंडे, सुधीर राऊत सहित अन्य लोग शामिल हुए कांदिवली में नगरसेवक



कमलेश यादव के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शनकारियों में शामिल नगरसेवक बाला तावडे, संजय सिंह सहित अन्य ने पाकिस्तान का झंडा एवं वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान का पुतला जलाया. अंधेरी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर मनपा में विपक्ष के नेता रहे देवेंद्र आंबेरकर, शैलेश फणसे, संजीव कल्ला, अनिल राऊत, विकी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे. कांदिवली (पूर्व) के नगरसेवक राजपति यादव व कॉंग्रेस मुंबई महिला अध्यक्ष डॉ. अजंता यादव ने भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारियों के साथ पाकिस्तान का पुतला जलाया और विरोध प्रदर्शन किया.

आरपीआय उत्तर मुंबई जिला अध्यक्ष हरिहर यादव ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में आरपीयआय कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की.

मरोल सागबाग में सामाजिक संस्था जनहित विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय राय के नेतृत्व में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई. इस अवसर पर विनीत सिंह, गुलाब यादव, राजबहादुर यादव,सुरेश प्रजापति अखिलेश यादव,दीपक लगाने, अनुज शर्मा, रज्जाक पठान, उमाशंकर यादव, राजू तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे. भाजपा नेता पूर्व महापौर बाबू भाई भवानजी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश को असली खतरा पाकिस्तान से नहीं देश के अंदर बैठे जयचंदों से है. मालाड पश्चिम के मालवनी में सर्व व्यापारी संगठन की ओर से जागरूकता अभियान के साथ-साथ भाजपा नेता आर.यु.सिंह के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया. इसी तरह से मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम की अगुवाई में जन समृद्धि फाउंडेशन द्वारा अंधेरी पश्चिम के लोखंडवाला बैंक रोड, जॉगर्स पार्क में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया. इसमें यतिंद्र पाल, राजू मनवानी, परमजीत सिंह गुंबर, धवल शाह, शिल्पी खन्ना, रईस लश्करिया, जे पी यादव आदि उपस्थित थे. शहीद भगत सिंह विचार मंच के साहिब सिंह संधू, सरबजीत सिंह संधू, हरप्रीत कौर संधू, मनराज प्रतिष्ठान के मनराज नाथानी, परिवर्तन फाउंडेशन के राजकिशोर तिवारी, जन सावधान संस्था के जयशंकर सिंह आदि ने शोकसभा का आयोजन कर मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

## पंचवटी सोसायटी के लोगों ने दी अमर जवानों को श्रद्धांजलि और पाकिस्तान का किया विरोध

**मुंबई :** शिवाजी नगर कुरार विलेज स्थित पंचवटी को.ऑप.क्रेडिट सोसायटी के चेयरमैन के अलावा वरिष्ठ समाजसेवक अखिलेश सिंह (भुवाल) ने कहा कि हमारे मन को इस हमले का बदला लेने के बाद ही शांति मिलेगी, हमारे सैनिकों पर जो हमला हुआ है उसमें पाकिस्तान का हाथ तो है ही साथ ही कश्मीर के कुछ लोगों का हाथ है नहीं तो पाकिस्तान की इतनी हिम्मत नहीं थी, कि इस तरह की हरकत होती। धारा ३७० को तुरंत प्रभाव से खत्म करने की आवश्यकता है। भुवाल ने आगे कहा कि कश्मीर के रहने वाले लोगों में ही घर के भेदी हैं जो पाकिस्तानियों से मिले हैं, वरना इस तरह की कोई घटना नहीं घटती। श्री भुवाल के साथ भारी संख्या में सोसायटी के लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और सेना के शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी।

# ३ मार्च से शुरू होगा परेल टर्मिनस, रोजाना चलाई जाएंगी ३२ सेवाएं

**शिवशंकर तिवारी**

**मुंबई :** मध्य रेलवे पर जल्दी ही एक और टर्मिनस की शुरुआत होने जा रही है। इसका नाम है परेल टर्मिनस जो मॉर्डन मल्टिनैशनल कंपनियों का हब बन चुका है। दादर पर बढ़ रही भीड़ को कम करने के लिए परेल टर्मिनस एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है, इसलिए इसकी शुरुआत भी जोरशोर से होने जा रही है। एक अधिकारी के मुताबिक मार्च के पहले सप्ताह में परेल टर्मिनस शुरू हो सकता है। रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार ३ मार्च को शुरुआत होगी। इस टर्मिनस से रोजाना ३२ सेवाएं अप-डाउन टर्मिनेट और परिचालित होंगी।

**पूरे हो गए सभी काम**


परेल टर्मिनस का काम लगभग पूरा हो चुका है। नई लाइन, नया प्लैटफॉर्म, नए क्रॉस ओवर, नए सिग्नल और नया ओवर हेड वायर कनेक्शन ये सभी पूरे कर लिए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि टर्मिनस के लिए सबसे जरूरी यार्ड रीमॉडलिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। दादर और परेल स्टेशन के बीच मौजूदा रूट से ही दो अतिरिक्त स्टैबलिंग लाइनें तैयार की गई हैं। स्टैबलिंग लाइन का मतलब है कि टर्मिनेटिंग प्लैटफॉर्म पर यदि कोई ट्रेन रवाना होने के लिए खड़ी हो, तो उसी लाइन पर आ रही दूसरी ट्रेन अतिरिक्त लाइन यानी स्टैबलिंग लाइन पर इंतजार कर सकती है। प्लैटफॉर्म पर लिफ्ट लगने का काम २८ फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। केवल एस्केलेटर का काम टर्मिनस शुरू होने के बाद पूरा होगा।

**हादसे से लिया सबक**

कई सालों से लंबित पड़ी परियोजना परेल टर्मिनस में सितंबर २०१७ को एलफिंस्टन रोड स्टेशन पर हुए हादसे के बाद तेजी आई। हादसे के बाद भारतीय सेना की मदद से कुछ ही दिनों में नया एफओबी तैयार किया। इसके बाद रेलवे ने १२ मीटर चौड़ा एफओबी बना दिया। अब प्रभादेवी और परेल टर्मिनस को जोड़ने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। परेल टर्मिनस को पूरा करने के लिए अब सिर्फ प्लैटफॉर्म कवर ओवर (सीओपी) और स्टैबलिंग लाइन के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट मिल रहा है। तीन प्लैटफॉर्म वाले इस टर्मिनस का काम लगभग ५१ करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ है।

# छात्र हों या शिक्षक, परीक्षा केंद्र में मोबाइलबंदी

**मुंबई :** परीक्षा शुरू होने के पहले ही व्हॉट्सऐप पर पेपर लीक होने की घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार 'मोबाइलबंदी' का एलान राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडल ने किया है। दसवीं-बारहवीं परीक्षा के दरम्यान केंद्र में छात्र हों या शिक्षक या फिर अन्य कर्मचारी कोई भी मोबाइल लेकर नहीं बैठेगा।



बता दें कि आज से शुरू होनेवाली बारहवीं की परीक्षा में कुल १४ लाख १९ हजार ३०६ विद्यार्थी बैठेंगे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के बाद विद्यार्थी और शिक्षक दोनों को ही अपना मोबाइल फोन केंद्रप्रमुख के पास जमा करना होगा। यदि कोई भी शिक्षक जाने-अनजाने में मोबाइल लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करता है तो उस पर नियम अनुसार कार्रवाई किए जाने की बात शिक्षण मंडल की अध्यक्ष शकुंतला काले ने कही। पेपर लीक न हो इसलिए सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों से अनुरोध किया गया है कि वे सहयोग करें। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो २२ मार्च तक वे इस नंबर २७८८१०७५, २७८९३७५६ पर सुबह ९ बजे से शाम ७ बजे तक कॉल कर सकते हैं।

**परीक्षागृह में खुलेगा सीलबंद पेपर**

पेपर लीक होने से रोकने के लिए सभी विषय के प्रश्नपत्रों के गट्ठे परीक्षागृह में विद्यार्थियों के समक्ष खुलेंगे। एक सीलबंद गट्ठे में २५ प्रश्नपत्र होंगे। गट्ठे को खोलने से पहले सुपरवाइजर दो विद्यार्थियों के हस्ताक्षर लेंगे।

**मुंबई विभाग से ३ लाख विद्यार्थी**

मुंबई विभाग से ३ लाख ३५ हजार ४२८ विद्यार्थी बारहवीं की परीक्षा देनेवाले हैं, इसमें विज्ञान शाखा के ९१ हजार १७८, आर्ट्स के ५४ हजार ५६, कॉमर्स और एमसीवीसी के १ लाख ८५ हजार ७७४ तथा ४ हजार ४२० अन्य विद्यार्थियों का समावेश है।

**लेट आनेवालों का क्या ?**

टीचर्स डेमोक्रेटिक फ्रंट के राजेश पंड्या ने कहा कि इस वर्ष भी बोर्ड ने यह साफ नहीं बताया है कि देरी से आनेवाले बच्चों का क्या? हॉल टिकट पर इन्हें इस बार यह सूचना लिखनी चाहिए थी ताकि विद्यार्थी समय पर अपने केंद्र पहुंचे।

# खुलेगा सेना का 'शिव'नेत्र, शिवरात्रि पर संग्राम!, ७ तक चांद-सितारे गर्दीश में

**मुंबई :** पुलवामा में आतंकी हमला कर हमारे जवानों की जान लेनेवाले पाकिस्तान की बर्बादी तय है। आगामी ४ मार्च को महाशिवरात्रि है और उस दौरान संग्राम होना तय है। भारतीय सेना का 'शिव' नेत्र खुलेगा और पाकिस्तान में इसका भयानक असर होगा। आगामी ३ मार्च से लेकर ७ मार्च तक का वक्त पाकिस्तान के लिए बहुत ही बुरा है। वहां चांद-सितारे गर्दिश में होंगे और विनाश के बादल मंडराएंगे। पाकिस्तान के दांत खट्टे होंगे और उसे भरपूर सबक मिलेंगे। यह भविष्यवाणी है प्रख्यात ज्यातिषी श्री संतबेतरा अशोका जी की, जिनके बारे में कहा जाता है कि इनकी ९० प्रतिशत से अधिक भविष्यवाणियां सटीक होती हैं।

इस संवाददाता से हुई बातचीत में श्री संतबेतरा ने बताया कि पहले भी कई बार ऐसा हुआ है जब दोनों देशों के बीच हालात बहुत खराब हुए थे और दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने आ गई थीं पर कुछ प्रमुख देशों के बीच-बचाव से युद्ध टल गया था। मगर इस बार स्थिति भिन्न है। सेना और देशवासियों के आक्रोश को देखते हुए मोदी सरकार कड़ा फैसला लेगी। इस बार सिर्फ सर्जिकल स्ट्राइक से कुछ बड़ा होगा जिससे पाकिस्तान कांप जाएगा। पाकिस्तानी पीएम इमरान खान का मुंठा इस समय अष्टम भाव में है जो उनकी स्थिति बद से बदतर कर देगा।

पाकिस्तान सरकार आतंकवादियों को खुला प्रश्रय देती है। उन्हें प्रशिक्षित करती है और कश्मीर में खून की नदियां बहवाती हैं। पिछले ४० वर्षों से भी ज्यादा समय से यह खेल चल रहा है। हर बार जब खून बहता है तो देश में आक्रोश बढ़ता है। दोनों देशों के बीच ब्लेम गेम चलता है, दो-चार आतंकी मारे जाते हैं और फिर सब कुछ ठंडा हो जाता है। मगर इस बार सीन काफी अलग है। पुलवामा में ५० से ज्यादा निर्दोष जवानों का खून बहाकर पाकिस्तान ने पूरे हिंदुस्थान को सुलगा दिया है। सेना फुल एक्शन के मूड में आ गई है। मगर क्या वो कोई कार्रवाई करेगी या पिछला किस्सा दोहराते हुए कुछ दिनों में चुप बैठ जाएगी? यह सवाल पूरे देश के सामने यक्ष प्रश्न बना हुआ है। ऐसे में अगर प्रख्यात ज्योतिषी श्री संतबेतरा अशोका जी की बातों पर यकीन करें तो इस बार मामला आरपार का है।

### सटीक भविष्यवाणियां

श्री संतबेतरा का कहना है कि उन्होंने २०१४ में एनडीए को ३३६ सीटें मिलने की बातें कही थीं तो लोगों को आश्चर्य हुआ था पर जब नतीजे आए तो सबका मुंह बंद हो गया था। अभी गत दिनों जब शिवसेना और भाजपा के बीच युति को लेकर पूरे देश में असमंजस की स्थिति थी तब उन्होंने कहा था कि युति होगी और युति हुई। २०१६ में उन्होंने कहा था कि २०१९ के चुनाव में मुद्दा विकास के साथ राष्ट्रवाद होगा और आज जो परिस्थिति है उसमें ये सच है।

### इमरान का हश्र

पाकिस्तान में असली सत्ता फौज के हाथ में रहती है और पीएम वहां सिर्फ उसकी कठपुतली होता है। हिंदुस्थान इमरान पर 'जैश-ए-मोहम्मद' के सरगना मौलाना मसूद अजहर व हाफिज सईद जैसे आतंकियों को सौंपने का दबाव डाल सकता है। अगर अंतर्राष्ट्रीय दबाव में इमरान ऐसा करने की कोशिश करते हैं तो उनकी जान भी जा सकती है। पाकिस्तानी सेना तख्ता पलट या उनकी हत्या जैसी साजिश को अंजाम दे सकती है।

### सिद्धू का भविष्य

जब से इमरान खान पाकिस्तान के पीएम बने हैं पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस के नेता व पंजाब सरकार के मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू विवादों में घिरते आए हैं। इस बारे में गत वर्ष श्री संतबेतरा ने भविष्यवाणी की थी कि २१ जनवरी २०१९ के बाद सिद्धू की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। पुलवामा अटैक के बाद सिद्धू ने बयान दिया और सोनी चैनल ने उन्हें कपिल शर्मा शो से निकाल बाहर किया। श्री संतबेतरा के अनुसार जल्द ही उन्हें कांग्रेस भी पार्टी से बाहर कर देगी।

मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com